# वानिकी समाचार

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्

वर्ष 13 सं. 9 सितंबर 2021

75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

## आजादी का अमृत महोत्सव

- राष्ट्रीय अभियान 'आयुष आपके द्वार' का उद्देश्य औषधीय पादपों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे भारत में औषधीय पादपों को मुक्त रूप से वितरित करना है। इस संबंध में, व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के साथ मिलकर 3 सितंबर 2021 को एक पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। सीयूबीई – शहरी जैव विविधता संरक्षण एवं शिक्षा केंद्र, जो शहरी जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु प्रयासरत संगठन है और शहरी हरियाली को भी बढ़ावा देता है, के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 50 लोगों ने भाग लिया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने 20 सितंबर 2021 को तमिल भाषा में "चंदन की खेती और इसके स्वास्थ्य के प्रबंधन" पर एक वेबिनार का आयोजन किया। तमिलनाडु से हितधारकों और किसानों ने वेबिनार में भाग लिया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने 27 सितंबर 2021 को प्रकाष्ठ के अभिज्ञान, प्रमाणन और उपयोजन पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में काष्ठ उद्योग, वन विभाग, कृषि विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों और अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया।
- उ.व.अ.सं. ने 6 से 12 सितंबर 2021 तक "वृक्ष सुधार के माध्यम से वन उत्पादकता में वृद्धि" पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में 35 वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, तकनीकी अधिकारियों और शोधार्थियों ने भाग लिया।
- व.जै.सं., हैदराबाद ने 1 सितंबर 2021 को व.जै.सं. परिसर के अंदर फ्रीडम रन का आयोजन किया। कार्यक्रम में 35 लोगों ने भाग लिया।
- व.जै.सं., हैदराबाद ने 20 से 24 सितंबर 2021 तक "भारत में वैज्ञानिक उपलब्धियों और तकनीकी प्रगति" पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में 150 लोगों ने भाग लिया।

## अनुक्रमणिका


| | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| आजादी का अमृत महोत्सव | 01 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 02 |
| समझौता ज्ञापन | 02 |
| वृक्ष उत्पादक मेला/प्रदर्शनी | 03 |
| कार्यशाला/संगोष्ठी/बैठकें | 03 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 06 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 07 |
| पेटेंट | 08 |
| राजभाषा गतिविधि | 08 |
| विविध | 08 |
| मानव संसाधन समाचार | 09 |


- व.अ.कें.– त.पा.तं., विशाखापत्तनम ने 18 सितंबर 2021 को एक गैर सरकारी संगठन, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन थ्रू रिसर्च एंड एजुकेशन (डब्ल्यूसीटीआरई) के साथ मिलकर 2021 की थीम "ट्रैश फ्री सीज" के साथ अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस की पूर्व संध्या पर समुद्र तट की सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया।



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में प्रकाष्ठ के अभिज्ञान, प्रमाणन एवं उपयोजन पर वेबिनार




उ.व.अ.सं., जबलपुर में वृक्ष सुधार के माध्यम से वन उत्पादकता में वृद्धि पर वेबिनार के भाग के रूप में वृक्षारोपण

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- चंबा जिले में रावी नदी पर बांध स्थल के 10 किमी के दायरे में पक्षियों और तितलियों के लिए जैव विविधता मूल्यांकन सर्वेक्षण किया गया। तितलियों की कुल 31 प्रजातियों और पक्षियों की 35 प्रजातियों के नमूने लिए गए। निकटवर्ती कुक्ति वन्यजीव अभयारण्य (जो प्रभाव क्षेत्र की सीमा में स्थित है) के वन विभाग से माध्यमिक डेटा भी एकत्र किया गया।
- कैरोमोन आधारित निष्कर्षित बास्ट नमूने, आईपीएम, एमएल, एचएक्सडी, एमए, डीएलएच और बीपी का प्रयोगशाला में ओल्फैक्टोमीटर के साथ होपलो भृंग के दोनों लिंगों में जैव आमापन के लिए परीक्षण किया गया और विश्लेषण किए गए आंकड़ों से पता चला कि एचएक्सडी और एमए यौगिक में *हॉप्लोसेरैम्बिक्स स्पिनिकोर्निस* भृंग के लिये अधिकतम आकर्षण है। प्रयोगशाला में क्षेत्र से एकत्रित कीड़ों का पालन किया गया।
- कालेसर वन्यजीव अभयारण्य, हरियाणा; सिंबलबारा वन्यजीव अभयारण्य, हिमाचल प्रदेश और टिमली वन, देहरादून वन प्रभाग, उत्तराखंड में शिवालिक में शलभों के नमूने के लिए सर्वेक्षण किया गया। शलभ के नमूने और संग्रह के लिए सीएफएल लैंप के साथ मोथ स्क्रीन का उपयोग किया गया। 8 कुलों से संबंधित शलभों की 45 प्रजातियों को दर्ज किया गया और 12 नमूनों को संरक्षित किया गया। शलभ डेटाबेस का 10 कुलों की 180 प्रजातियों के साथ अद्यतन किया गया।
- *क्यूप्रेसस टोरुलोसा* सूचिकाओं से पृथक किए गए 25% जलीय मेथनॉल सत्त की पात्रे $\alpha$ ग्लाइकोसिडेज़ निरोधात्मक गतिविधि निर्धारित की गई। सत्त ने सकारात्मक नियंत्रण एकरबोस संतुलनीय जैवसक्रियता प्रदर्शित की।
- डीपीपीएच मुक्त रेडिकल स्केवेंजिंग ऐस्से का उपयोग करते हुए *प्रिंसपिया यूटिलिस* के बीजों से पृथककृत वसायुक्त तेल की एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि की जांच की गई और तेल उल्लेखनीय एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि प्रदर्शित करते पाया गया।
- इल्यूट्रोपिक श्रृंखला के विलायकों के साथ *यूपेटोरियम एडेनोफोरम* के वायवीय भागों का निष्कर्षण किया गया। पेट्रोलियम ईथर, क्लोरोफॉर्म और मेथनॉल सत्त की प्राप्ति क्रमशः 8.0, 5.96 और 11.0 प्रतिशत पाई गई।
- ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (जीसीएनईपी), बहादुरगढ़ में मृदा आर्द्रता की बढ़ती उपलब्धता के लिए हाइड्रोजेल के उपयोग और मृदा उर्वरता बढ़ाने के लिए अपशिष्ट उपचारित मृदा के उपयोग पर क्षेत्र परीक्षण की स्थापना की। चार प्रजातियों को क्षेत्र परीक्षण में रोपित किया गया।

### वन आनुवंशिक एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- नैनो काइटोसन और नैनो काइटोसन संपुटित कवकीय अंतःपादप पाउडर के एक्स–रे विवर्तन (एक्सआरडी) प्रारूप ने क्रिस्टलोग्राफिक संरचनाओं और लक्षण विवर्तन शीर्ष की उपस्थिति दर्शाई। नैनो काइटोसन संपुटित कवकीय अंतःपादप यथा *एस्परगिलस टेरस, लेकेनिसिलियम लेकेनी, ट्राइकोडर्मा हार्ज़ियनम, एक्रेमोनियम बोरोडाइन* एनएसई, *कोलेटोट्रिकम* प्रजा., *एस्परगिलस* प्रजा. का एक्सआरडी अध्ययन 10 डिग्री और 20 डिग्री पर एक विशिष्ट शीर्षों का प्रदर्शन किया जो कि अर्ध–क्रिस्टलीय काइटोसन का विशिष्ट फिंगरप्रिंट है जो क्रमशः क्रिस्टलीय और आकारहीन संरचना के लिए जाना जाता है।
- *मेलिना आर्बोरिया* के लीफ ट्रांस्क्रिप्टोम को माइक्रोसेटेलाइट रिपीट के लिए खनन किया गया और बीस प्राइमर युग्म ट्राई (15), टेट्रा (3), पेंटा (1) और हेक्सा (1) रिपीट मोटिफ्स को डिजाइन और संश्लेषित किया गया। पीसीआर स्थितियों को अनुकूलित किया गया।

### शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- गुजरात में शीशम के दस अभ्यर्थी घन वृक्ष चिह्नित किए गए और उनका अभिज्ञान किया गया।
- गुजरात क्षेत्र में शीशम मृत्यता के कैसुअल एजेंट, गैनोडर्मा और फ्युसेरियम के पृथकों को शीशम के वृक्षों से पृथक किया गया।

### हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

*ट्राइकोडर्मा* प्रजातियों की बड़े पैमाने पर खेती के लिए कोनिफ़र की सूचिकाओं की जांच की गई और पोटेटो *डेक्सट्रोज़ शोरबा* और खमीर निष्कर्षण से संपूरित *पाइनस रॉक्सबर्गी* सुचिका पाउडर पर अधिकतम स्पोरुलेशन (5.71×106 बीजाणु / मिग्रा) प्रेक्षित किया गया।

## समझौता ज्ञापन

- 14 सितंबर 2021 को वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत स्वीकृत विस्तार गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए उ.व.अ.सं.,जबलपुर द्वारा वन विभाग, छत्तीसगढ़ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- 17 सितंबर 2021 को शु.व.अ.सं., जोधपुर और डी.एफ.ओ., सामाजिक वन प्रभाग (हिम्मतनगर, साबरकांठा), राज्य वन विभाग, गुजरात के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- हि.व.अ.सं. और प्रधान, ग्राम पंचायत, राझना, शिमला, हि.प्र. (भारत) के बीच 23 सितंबर 2021 को हि.व.अ.सं. में ग्राम बड़ागांव, ग्राम पंचायत राझना, शिमला (हि.प्र.) में प्रदर्शन गांव (डीवी) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## वृक्ष उत्पादक मेला/प्रदर्शनी

| संस्थान | आयोजन/प्रतिभाग | अवधि | स्थान |
|---|---|---|---|
| व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर | वृक्ष उत्पादक मेला | 17 सितंबर 2021 | गोपीचेट्टीपालयम, ईरोड जिला |
| हि.व.अ.सं., शिमला | प्रदर्शनीः डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश –2021 | 28–30 सितंबर 2021 | सन्तारोसा रिसॉर्ट सझगांव, हिमाचल प्रदेश |




व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने वृक्ष उत्पादक मेला का आयोजन किया



हि.व.अ.सं., शिमला ने प्रदर्शनीः डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश –2021 में भाग लिया

## कार्यशाला/संगोष्ठी/बैठकें

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | कृषिवानिकी से आय संवृद्धि पर वेबिनार | 16 सितंबर 2021 | - |
| | **वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर** | | |
| 2. | जैव–सुरक्षा एवं रासायनिक सुरक्षा दिशानिर्देशों पर अनुसंधानकर्ताओं का संवेदीकरण" पर संगोष्ठी | 28 सितंबर 2021 | वैज्ञानिक, अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी तथा शोधार्थी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | उष्णकटिबंधीय वृक्षों के संरक्षण, जलवायु अनुकूलन, संवहनीय प्रबंधन और प्रजनन हेतु जनसंख्या आनुवंशिकी और जीनोमिक्स अनुसंधान पर संगोष्ठी | 29 सितंबर 2021 | अनुसंधान वैज्ञानिक |



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर में जैव सुरक्षा एवं रसायनिक सुरक्षा दिशानिर्देशों पर अनुसंधानकर्ताओं के संवेदीकरण पर संगोष्ठी




व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर में उष्णकटिबंधीय वृक्षों के संरक्षण, जलवायु अनुकूलन, संवहनीय प्रबंधन और प्रजनन हेतु जनसंख्या आनुवंशिकी और जीनोमिक्स अनुसंधान पर संगोष्ठी

### काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | फर्नीचर उद्योग के लिए प्रमाणित काष्ठ की सीमित उपलब्धता, प्रमाणित काष्ठ पर शून्य आयात शुल्क के संबंध में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा उठाए गए मामलों पर चर्चा हेतु हितधारकों की बैठक (वीसी के माध्यम से) | 24 सितंबर 2021 | फर्नीचर एवं काष्ठ उद्योग के हितधारक |
| 5. | अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक | 23 सितंबर 2021 | सहायक महानिदेशक (अनुसंधान योजना), भा.वा.अ.शि.प., का.वि.प्रौ.सं के निदेशक, जीसीआर, अधिकारी, वैज्ञानिक, मुख्य तकनीकी अधिकारी, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी |
| 6. | बांस प्रवर्धन एवं प्रबंधन पर वेबिनार | 17 सितंबर 2021 | किसान एवं राज्य सरकार विभाग |

### उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | क्या खोजें: वन स्वास्थ्य की रक्षा हेतु संवहनीय तरीके पर वेबिनार | 13 सितंबर 2021 | वैज्ञानिक, विद्यार्थी, तकनीकी अधिकारी एवं शोधार्थी |

### वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | स्प्रिंगशेड प्रबंधन हेतु पैरा हाइड्रोजियोलॉजिस्ट के विकासशील संवर्ग' पर कार्यशाला | 7–8 सितंबर 2021 | अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | एकीकृत जैविक उपागम का उपयोग कर कोयला खनित भूमि की पुनर्प्राप्ति पर कार्यशाला | 24 सितंबर 2021 | - |
| | **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | |
| 10. | 'जलसंभर विकास' पर संगोष्ठी | 7 सितंबर 2021 | वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, अनुसंधान सहयोगी, एवं परियोजना अध्येता |
| 11. | अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक | 29 सितंबर 2021 | आर.ए.जी. सदस्य, शु.व.अ.सं. अधिकारी एवं वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी तथा हितधारक |
| | **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 12. | XXII अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक | 15 सितंबर 2021 | आर.ए.जी. सदस्य |
| | **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 13. | राज्य रेडड+ एक्शन प्लान के विकास हेतु राज्य वन विभाग की क्षमता निर्माण पर कार्यशाला | 30 सितम्बर 2021 | पश्चिम बंगाल के राज्य वन विभाग के अधिकारी |




शु.व.अ.सं., जोधपुर में अनुसंधान सलाहकार समूह की बैठक




व.उ.सं., रांची द्वारा राज्य रेडड+ एक्शन प्लान के विकास हेतु राज्य वन विभाग की क्षमता निर्माण पर कार्यशाला का अयोजन

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. | वन अग्नि जोखिम प्रशमन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया | 6 एवं 7 सितंबर 2021 | राज्य वन विभाग |
| 2. | अकाष्ठ वन उत्पाद का संरक्षण, खेती एवं उपयोजन | 14 एवं 15 सितंबर 2021 | - |
| 3. | भारत में वन प्रमाणन | 27 सितंबर से 01 अक्टूबर 2021 | भा.वा.अ.शि.प. वैज्ञानिक |
| | **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| 4. | मूल वानिकी | 16 एवं 17 सितंबर 2021 | विद्यार्थी, किसान एवं अन्य हितधारक |
| 5. | वानिकी में सुदूर संवेदी और भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग का परिचय | 16 एवं 17 सितंबर 2021 | - |
| 6. | उ.व.अ.सं.–ट्राइकोकार्ड के माध्यम से सागौन निष्पत्रक एवं कंकालक का जैविक नियंत्रण | 23 एवं 24 सितंबर 2021 | कोरबा और कटघोरा, छत्तीसगढ़ में वन प्रभाग के अग्रिम श्रेणी के कर्मचारी |
| 7. | मध्य प्रदेश में सुपारी आधारित कृषि वानिकी प्रणाली सहित मेलिना | 27 सितंबर 2021 | किसान |
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 8. | बांस चारकोल उत्पादन एवं ब्रिकेटिंग | 22, 23 एवं 25 सितंबर 2021 | कार्बी–आंगलोंग के रोंगबोंगघाट क्षेत्र के बेरोजगार युवा |
| | **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | |
| 9. | कोयम्बत्तूर अनुप्रयोग एवं इंटरनेट | 20 से 24 सितंबर 2021 | - |

## हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | पहाड़ी वनों से पारितंत्र सेवाओं के सह–उत्पादन के लिए सामुदायिक विनियोजन | 20 से 24 सितम्बर 2021 | विभिन्न राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश से भा.व.से. अधिकारी |



उ.व.अ.सं., जबलपुर में वानिकी में सुदूर संवेदी और भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग का परिचय पर प्रशिक्षण



व.व.अ.सं., जोरहाट में बांस चारकोल उत्पादन एवं ब्रिकेटिंग पर प्रशिक्षण


शु.व.अ.सं., जोधपुर में कोयम्बत्तूर अनुप्रयोग एवं इंटरनेट पर प्रशिक्षण



हि.व.अ.सं., शिमला में पहाड़ी वनों से पारितंत्र सेवाओं के सह–उत्पादन के लिए सामुदायिक विनियोजन पर प्रशिक्षण

## प्रकृति कार्यक्रम

व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने सीयूबीई संगठन, सिंगनल्लूर, कोयंबटूर के सहयोग से "ऑनलाइन नॉलेज श्रृंखला – प्रकृति – प्रकृति कनेक्ट कार्यक्रम" के भाग के रूप में 25 सितंबर 2021 को "सफल रोपण के लिए गुणवक रोपण सामग्री" विषय पर, 11 सितंबर 2021 को "वृक्षों के लिए बीज" विषय पर और 4 सितंबर 2021 को "पवित्र वृक्षों और उनके अतुलनीय मूल्यों" विषय पर वेबिनार की मेजबानी की। कार्यक्रम में कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पेटेंट

का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु को पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधान के अनुसार, 'अ ट्रांसपेरेंट वुड कम्पोजिट' (आविष्कारकः के.के. पांडे, ए.एस. राव, गिरिधर बी.एन., एस. नायर) नामक एक आविष्कार के लिए 3 सितंबर 2018 से 20 साल की अवधि के लिए पेटेंट प्रदान किया गया।

## राजभाषा गतिविधि

सितंबर 2021 के महीने के दौरान, भा.वा.अ.शि.प. और उसके संस्थानों ने हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा मनाया जिसके दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।




भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया




व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया




व.अ.सं., देहरादून ने हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया




शु.व.अ.सं., जोधपुर ने हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया

## विविध

| संस्थान | विशेष दिन/विषय | अवधि |
|---|---|---|
| व.अ.सं., देहरादून एवं हि.व.अ.सं., शिमला | हिमालयन दिवस | 9 सितम्बर 2021 |
| व.अ.सं., देहरादून | राष्ट्रीय वन शहीद दिवस | 11 सितम्बर 2021 |

| | | |
|---|---|---|
| व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर | आईयूएफआरओ विश्व दिवस – डिजिटल वन विज्ञान फोरम 2021 | 29 सितंबर 2021 |
| व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर, हि.व.अ.सं., शिमला | विश्व ओज़ोन दिवस | 16 सितंबर 2021 |
| उ.व.अ.सं., जबलपुर | विश्व बांस दिवस | 17 सितंबर 2021 |



हि.व.अ.सं., शिमला ने हिमालयन दिवस मनाया



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर ने विश्व ओजोन दिवस मनाया



हि.व.अ.सं., शिमला ने विश्व ओजोन दिवस मनाया



उ.व.अ.सं., जबलपुर ने विश्व बांस दिवस मनाया

## मानव संसाधन समाचार

### नियुक्ति (नियमित)

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री मनीष कुमार विजय, वैज्ञानिक–'बी', व.अ.कौ.वि.के. | 15.09.2021 |

### नियुक्ति (प्रतिनियुक्ति)

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री शिव कुमार सी.एम., भा.व.से. (हरियाणाः 2003), सीएफ, का.वि.प्रौ.से., बेंगलुरु | 15.09.2021 |

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री. अखिलेश गर्ग, भण्डार अधिकारी, व.अ.सं., देहरादून | 30.09.2021 |


**सरंक्षकः**

श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून

**संपादक मंडलः**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

श्री रमाकान्त मिश्र, मुख्य तकनीकी अधिकारी, (मीडिया एवं विस्तार), सदस्य

**प्रत्याख्यान**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।